# रोल्स–रॉयस मोटर कार्स

मीडिया सूचना

# रोल्स–रॉयस डॉन – अद्भुत लग्जरी का प्रतीक

8 सितंबर 2015, गुडवुड

''हमारी नयी रोल्स–रॉयस डॉन एक ऐसे शानदार एवं सम्मोहक आनंद का वादा करती है, जो अभी तक के किसी भी रोल्स रॉयस वाहन में दुर्लभ रहा है। यह ओपेन–टॉप सुपर लग्जरी वाहन के एक नवीन युग का संकेत है। डॉन एक खूबसूरत नयी मोटर कार है, जो विश्व के समक्ष एक हैरतअंगेज ओपेन–टॉप वाहन चालन अनुभव की पेशकश करती है। यह उन लोगों के लिए सुपर लग्जरी ड्रॉपहेड मोटर कार्स का सामाजिक रुप से सबसे लोकप्रिय मॉडल होगा, जो विश्व के अत्यंत एक्सक्लूसिव सामाजिक हॉटस्पॉट्स में धूप का लुत्फ उठाना पसंद करते हैं।''

यह निःसंदेह अब तक की सबसे लुभावनी एवं आकर्षक रोल्स–रॉयस है।

अपने नाम 'डॉन' यानि सूर्योदय के अनुरुप यह स्पष्ट रुप से ताजातरीन अवसरों का प्रतिनिधित्व करती है, जिस प्रकार से प्रत्येक नए दिवस में एक जागृति, चेतना के एहसास एवं सूर्य के प्रकाश की तीक्ष्णता का समावेश होता है। अपने संभावित, अपरिपक्व एवं पूर्वानुमानित अवस्था में सूर्योदय विश्व को रात्रि के गहन अंधकार से निकाल कर प्रकाश से सराबोर कर देता है। ऊषा काल की अरुणिमा त्वचा को रत्यात्मक सिहरन, चेतना की जागृति एवं दिन के शुभारंभ का एहसास कराती है।

एलीयनोर थॉर्नटन के समान यह विचार अनेक लोगों में उत्साह की भावना के नेपथ्य में छिपी हुई प्रेरणा को प्रदर्शित करता है, ठीक इसी प्रकार रोल्स–रॉयस डॉन भी अपने चहेतों एवं स्वामियों के समक्ष यह साबित कर देगी कि दिन के शुभारंभ के समय कुछ भी संभव है।''

**टॉर्सटेन म्यूलर – ओएटूज, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रोल्स–रॉयस मोटर कार्स**

**परिचय**

**''...लगभग सही अथवा पर्याप्त रुप से बेहतर के अतिरिक्त कुछ भी स्वीकार्य नहीं।''**

समझौता शब्द रोल्स रॉयस के शब्दकोश में स्वीकार्य नहीं है। वास्तव में कंपनी आज भी सह–संस्थापक सर हेनरी रॉयस के उस सिंहनाद को अपना आदर्श मानती है कि, ''आप जो भी काम करते हैं, उनमें परिपूर्णता का प्रयास करना चाहिए। जो कुछ अस्तित्व में है उसमें से सर्वश्रेष्ठ को ग्रहण करें एवं उसे बेहतर बनाएं। यदि ऐसी चीज अस्तित्व में नहीं है, तो उसका सृजन करें। लगभग सही अथवा पर्याप्त रुप से बेहतर के अतिरिक्त कुछ भी स्वीकार नहीं करें।''

इस नीति वचन का पहला हिस्सा – ''आप जो भी काम करते हैं, उनमें निपुलता लाने का प्रयास करें'' कंपनी के प्रत्येक क्रिया–कलाप को दिशा–निर्देशित करता है, विशेषकर एक नए

मोटर कार के सृजन के दौरान। और इसका दूसरा हिस्सा – ''जो कुछ अस्तित्व में है, उसमें से सर्वश्रेष्ठ को ग्रहण करें एवं उसे बेहतर बनाएं'' – यह विचार फैंटम सिरीज II एवं घोस्ट सिरीज II दोनों की सफलता का एक स्पष्ट गवाह रहा है, जिन्हें क्रमशः 2012 एवं 2014 में सावधानीपूर्वक बेहतर बनाया गया था। और जब रोल्स–रॉयस ने यह आकलित किया कि यह एक वास्तविक भद्र पुरुष के वाहन ग्रैन टूरिज्मो के वैश्विक मंच पर वापसी का समय है, तब यह विचार सर हेनरी के नीति वचनः ''यदि ऐसी चीज अस्तित्व में नहीं है, तो उसका सृजन करें।'' को सार्थक करने में सफल रहा और इस प्रकार रैथ का जन्म हुआ।

इस नीति वचन के अंतिम भाग ने रोल्स–रॉयस डिजाइन एवं इंजीनियरिंग टीम को दिशा–निर्देशित किया एवं यह ओपेन–टॉप, सुपर–लग्जरी मोटरिंग के लिए एक नवीन युग के सृजन हेतु कार्य करने की दिशा में उन्मुख हुए। एक ऐसा क्षेत्र जिसमें वाहनो के साथ सबसे अधिक समझौता– 2+2 सीट कॉन्फिगरेशन– किया गया है, वहां पर रोल्स–रॉयस ने ''लगभग सही अथवा पर्याप्त रुप से बेहतर के अतिरिक्त कुछ भी स्वीकार्य नहीं'' के विचार का चयन किया।

और इस प्रकार नये रोल्स–रॉयस डॉन, विश्व के एक मात्र वास्तविक आधुनिक फोर–सीटर सुपर–लग्जरी ड्रॉपहेड, का जन्म हुआ।

## ''सूर्योदय के ठीक पहले सदैव ही गहन अंधकार होता है''

सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण समयों में यह उक्ति कि ''सूर्योदय के ठीक पहले सदैव ही गहन अंधकार होता है'' – मूल रुप से आंग्ल पुनरुद्धार उपदेशक थॉमस फुलर के मस्तिष्क की उपज है – जो आशा के प्रकाश–स्तंभ को अनुनादित करता है। अति प्रभातकालीन वेला में व्याप्त अंधकार, जिस अवधि में वेताल, भूत अथवा प्रेत की परछाइयों की कल्पना की जाती है एवं इसे लेकर लोगों में विचित्रतापूर्ण आशंकाएं छिपी होती हैं, प्रकाश के अवतरण से पराभूत होकर एक नए दिवस की अंतहीन संभावनाओं को जन्म देता है।

कुछ ऐसा ही एहसास वर्ष 1952 में हुआ था, जब विश्व आर्थिक कठिनाई और उसके बाद के एक लंबे युद्ध की विभीषिका से उबर रहा था। इस वर्ष दुनिया आशा की निगाहों से कदम बढ़ाने लगी थी, क्योंकि विश्व के प्रथम यात्री जेट ब्रिटिश डीहैविलैंड कॉमेट, की पहली वाणिज्यिक उड़ान का शुभारंभ हुआ था, ब्रह्मांड के सृजन के बिग बैंग सिद्धांत का सर्वप्रथम प्रतिपादन हुआ था एवं क्वीन एलिजाबेथ यूनाइटेड किंगडम के सिंहासन पर आसीन हुई थीं।

ठीक इसी वर्ष वास्तविक रोल्स–रॉयस सिल्वर डॉन ड्रॉपहेड, जो नए रोल्स–रॉयस डॉन के डिजाइनरों के लिए प्रेरक–शक्ति बन गया था, को रोल्स–रॉयस कोचबिल्डर्स पार्क वार्ड द्वारा तैयार किया गया एवं इसे इसके पहले ग्राहक कर्नल डब्लू.ए. फिलिप्स को कनाडा में उपलब्ध कराया गया।

इस समय रोल्स–रॉयस की एक नयी शुरुआत हुई, मौलिक सिल्वर डॉन पहली रोल्स–रॉयस थी, जिसे एक फैक्टी–निर्मित ढ़ांचे के साथ पेश किया गया। हालांकि सिल्वर डॉन के नाम से अभिहित ड्रॉपहेड रोल्स–रॉयस को व्यक्तिगत स्तर पर ग्राहकों के लिए कोच–बिल्ट स्वरुप में उपलब्ध कराया जाता रहा, जो इसके अनूठेपन एवं दुर्लभता को सुनिश्चित करता है। यह

Rolls-Royce Motor Cars

The Drive, Westhampnett, Chichester, West Sussex PO18 0SH
Telephone +44 (0)1243 384000
www.press.rolls-roycemotorcars.com

इस युग के आशावाद को प्रतिध्वनित करता है, जब हम एक बार पुनः जीवन का आनंद उठाने लगे एवं लॉ डोल्स विटा की भावना को जारी रखने में कामयाब रहे।

यह प्रसिद्ध एवं दुर्लभ रोल्स–रॉयस नाम 1950 एवं 1954 के बीच 28 बेहद विशेष ड्रॉपहेड बॉडीज में प्रयुक्त किया गया।

रोल्स–रॉयस के नए डॉन ने सिल्वर डॉन से प्रेरणा ली एवं सुपर–लग्जरी मोटरिंग के क्षेत्र में विश्व की प्रथम सौम्य, समकालीन फोर–सीटर कन्वर्टिबल मोटर कार को उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त किया। इस प्रकार वर्ष 2015 में एक दुर्लभ, परिष्कृत एवं अत्यंत सामाजिक सुपर–लग्जरी कार का अवतरण संभव हुआ।

वर्ष 1952 के सिल्वर डॉन ड्रॉपहेड के समान, नवीन रोल्स–रॉयस डॉन अपने स्टैबल मेट्स से अलग है, जोकि 80 प्रतिशत अनूठे बॉडी पैनल्स को पेश करता है।

वास्तव में ऐसा ध्यान यह सुनिश्चित करने के लिए दिया गया कि सुपर–लग्जरी मोटरिंग के लिए यह अद्भुत नया डॉन अपने वादे को निभा सके, यहां तक कि नए रोल्स–रॉयस डॉन में जो टायर लगाया गया था, उसे कुछ इस प्रकार विकसित किया गया कि वह सड़क पर जादुई अंदाज में दौड़ सके। ऐसी आशा उस प्रत्येक रोल्स–रॉयस से की जाती रही है, जो गुडवुड में रोल्स–रॉयस के घर से निकलती है।

इसके अतिरिक्त डॉन की छत के सृजन में विशेष अभियंत्रण एवं निर्माण संबंधी खास सावधानी भी बरती गयी। आधुनिक मोटर उद्योग में कहीं पर भी अभी तक नहीं देखी जाने वाली रोल्स–रॉयस डॉन की छत रैथ के समान शान्ति उपलब्ध कराती है, 50 किमी प्रति घंटे की धीमी गति पर महज 20 सेकेंड्स में लगभग पूर्ण शान्ति हासिल हो जाती है।

यह कहना काफी सुकूनदायी है कि नवीन रोल्स–रॉयस डॉन अब तक की निर्मित शांत ओपेन टॉप कार है।

## डिजाइन

**2+2 ≠ 4**

''रोल्स–रॉयस की दुनिया में दिन–प्रति–दिन की गणितीय पद्धतियों को हर समय नहीं अपनाया जाता है। इसीलिए मैं यह कहता हूं कि नए रोल्स–रॉयस डॉन के मामले में 2+2 बराबर 4 नहीं होता है।''

### जाइल्स टेलर, डायरेक्टर ऑफ डिजाइन, रोल्स–रॉयस मोटर कार्स

ओपेन–टॉप मोटर कार सेक्टर का अध्ययन करने, और विशेषकर इसकी हाइ–वैल्यू लग्जरी सुविधा पर गौर फरमाने के बाद रोल्स–रॉयस के डिजाइनरों को यह स्पष्ट हो गया कि ग्राहकों की चाहत में किंचित परिवर्तन हो गया है। रोल्स–रॉयस की दृष्टि से एक विशेष कॉन्फिग्रेशन – 2+2 सेटअप पर अदूरदर्शितापूर्ण तरीके से ध्यान केंद्रित करना हद से अधिक समझौता करने के समान है।

सामान्यतः 2+2 एक ऐसा कॉन्फिग्रेशन है, जिसमें आगे चालक एवं एक यात्री के बैठने की व्यवस्था होती है एवं पीछे की तरफ कभी–कभार बैठने वाले यात्रियों एवं बच्चों के लिए दो छोटी सीटों का इंतजाम होता है। पीछे की सीट पर सबसे उल्लेखनीय कमी पर्याप्त लेगरुम का न होना है, जिसके कारण इस पर बैठने वाले लोगों को समुचित आराम नहीं मिल पाता है एवं कार के व्यावहारिक प्रयोजन पर प्रश्न–चिन्ह लग जाता है। एक कन्वर्टिबल प्रकार की बॉडी के मामले में कार के अंदर के स्पेस में इस प्रकार की कमी अक्सर निर्माता के द्वारा बूट व रियर पैसेंजर स्पेस के साथ समुचित कन्वर्टिबल रुफ के पैकेज को उपलब्ध कराने की अक्षमता को दर्शाती है। इसके कारण यह क्षेत्र एक्सक्लूसिव रुप से ओपेन–टॉप कार्स को उपलब्ध कराता है, जो रोल्स रॉयस की नजर में एक घोर समझौतावादी एवं 'समाज–विरोधी' कदम है।

टेलर का कहना है कि, ''रोल्स–रॉयस के अंतर्गत हम ऐसी बेहतरीन मोटर कारों के सृजनकर्ता के रुप में स्वयं को काफी गौरवशाली महसूस करते हैं, जो एक सोशल स्पेस भी उपलब्ध कराती हैं। डॉन जैसे कार के सृजन की आइडिया दैनिक रुप से केवल दो वयस्कों की आरामदेयता का ख्याल रखने की प्रवृत्ति को एक अभिशाप मानती है। डॉन का सृजन करने में हमने चार वयस्कों के आराम एवं विलासिता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न करने का फैसला किया है, ताकि वे शैलीबद्ध तरीके से यात्रा करने के चरम सुख को प्राप्त कर सकें।''

## रोचकता एवं सम्मोहन का दिव्य समागम

जाइल्स टेलर, डायरेक्टर ऑफ डिजाइन का कहना है कि, ''डॉन एक ऐसी रोल्स–रॉयस कार है, जो रुट नेपोलियन पर पूरी तरह से घर के समान अपनापन महसूस करती है। यह कोट डी'अज्यूर पर जीवन को प्राप्त होने वाला एक समकालीन सम्मान है। यह कार ''कैसीनो'' की जीवन शैली की समकालीनता के समनुरुप है। लाक्षणिक तौर पर अश्वारोहण के मानिंद एहसास कराने वाली यह कार उन लोगों को आकर्षित करने की इच्छुक है, जो स्वतंत्रता एवं सुरुचिपूर्णता दोनो के ख्वाहिशमंद होते हैं।''

टेलर ने कहा कि, ''रोल्स–रॉयस मोटर कार्स के अंतर्गत हम बिना किसी प्रकार का समझौता किए कारों की डिजाइनिंग करते हैं एवं समझौता न करने की प्रवृत्ति के कारण प्रत्येक नयी मोटर कार के साथ एक नयी चुनौती उपस्थित होती है। नवीन रोल्स–रॉयस डॉन के मामले में हमने एक ऐसी डिजाइनिंग प्रक्रिया को अपनाया है, जो रोचकता एवं सम्मोहकता का दिव्य संयोजन प्रस्तुत करने में सक्षम हो।''

नवीन रोल्स–रॉयस डॉन प्रेक्षक को क्लासिक रोल्स–रॉयस अपीयरेंस एवं उपस्थिति के साथ आश्चर्यजनक लेकिन सुरुचिपूर्ण बाह्य डिजाइन का आभास कराती है। यह एक अत्यंत दिलकश रोल्स–रॉयस को आकर्षक एवं सम्मोहक गुणों के साथ प्रस्तुत कर रही है, जो एक ड्रॉपहेड कुपे में कुशलता, सुरुचिपूर्णता एवं परिशुद्धता के एक नए स्तर को उपलब्ध कराने की परिचायक है। इस प्रकार यह निश्चित रुप से गैर–समझौतावादी स्वतंत्रता के शांत परंतु हर्ष से भर देने वाले भाव का प्रतिनिधित्व करती है।

Rolls-Royce Motor Cars

The Drive, Westhampnett, Chichester, West Sussex PO18 0SH
Telephone +44 (0)1243 384000
www.press.rolls-roycemotorcars.com

यह एक अंतर्निहित आनंद एवं गतिशीलता के साथ सहजता एवं सुकून भरे संवेदी अनुभव के एक नये स्तर की पेशकश करती है। और यह सब कुछ बिना आराम एवं स्पेस के साथ समझौता किए बगैर संभव हुआ है। यह नयी रोल्स–रॉयस गतिशील एवं सामाजिक खूबियों की प्रतीक है, जो समूचे विश्व के व्यापक, युवा एवं सामाजिक रुप से कहीं अधिक जागरुक लोगों को आकर्षित करेगी।

मीडिया की अटकलों के विपरीत, नवीन रोल्स–रॉयस डॉन एक रैथ ड्रॉपहेड नहीं है। नए डॉन के 80 प्रतिशत वाह्य बॉडी पैनल्स को रोल्स–रॉयस के डिजाइन के प्रादुर्भाव को समायोजित करने एवं अत्यधिक समकालीन फोर सीट सुपर–लग्जरी ड्रॉपहेड संरचना को समेटने के लिए नवीनतम तरीके से डिजाइन किया गया है।

इसका उद्देश्य स्पष्ट था। कुछ ऐसा करना जो अभी तक किसी कार निर्माता ने नहीं किया हो– अर्थात् एक ऐसी कार बनाना जो ऊपर से नीचे तक खूबसूरत नजर आए। हमारी डिजाइन टीम के अथक प्रयास को देख कर कोई भी यह कह सकता है कि नवीन रोल्स–रॉयस डॉन एक में दो कारों को संजोए हुए है।

**बाह्य डिजाइन**

रोल्स–रॉयस डॉन ने कालजयी रोल्स–रॉयस डिजाइन सिद्धांतों – 2:1 ह्वील हाइट टु बॉडी हाइट, एक लंबे बोनट, शॉर्ट फ्रंट ओवरहैंग, एक लंबे रियर ओवरहैंग, एक सुरुचिपूर्ण टैपरिंग रियर ग्राफिक एवं एक हाइ शोल्डर लाइन को बरकरार रखा है।

इन सभी खूबियों को एक खूबसूरत एवं गहन समकालीन डिजाइन में पेश किया गया है।

एक एथलीट के समान रोल्स–रॉयस डॉन संतुलित, सख्त एवं रफ्तार भरने के लिए तत्पर प्रतीत होती है। सतह में सन्निहित एक्सेलरेशन एवं टेंशन पूर्णतः नए पैनल के माध्यम से बढ़ जाता है, जो घुमाव को प्रकट करता है और यह चुस्त सतह एवं अत्यधिक शक्तिशाली छायाचित्र का सृजन करता है, जो यह संकेत देता है कि इसके अंदर वास्तव में क्या है।

डॉन का शक्तिशाली एवं शानदार फ्रंट एंड इसे आधुनिकतम एवं मादक लुक प्रदान करता है, जो पौरुष का बोध कराता है, जबकि बोल्ड स्वीपिंग शोल्डर लाइन और अधिक मादक बन पड़ती है, क्योंकि यह पिछले पहिए के उभार पर स्थित है एवं अधिक चौड़े ट्रैक को एकॉमोडेट करने में सक्षम है। इसके बोनट पर एक टेपर्ड 'वेक चैनल' उत्साह की भावना की उड़ान को समर्थन प्रदान करता है। यह कार की गत्यात्मकता का प्रतीत है। इसकी हाइ शोल्डर लाइन के साथ विशाल सी–पिलर एवं ऊर्ध्वाधर संकरा साइड विंडो अपर्चर इसे विशिष्टता प्रदान करता है। जब इसे किनारे एवं ऊपर से देखा जाता है, तब कार नीचे लटकी हुई 'गर्म रॉड' के समान प्रतीत होती है।

फ्रंट पर ग्रिल लगभग 45 मिमी धंसी हुई है, जबकि लोवर फ्रंट बंपर रैथ की तुलना में 53 मिमी तक विस्तृत है। इसकी वजह से इस कार में सहज आकर्षण उत्पन्न हो जाता है और यह कार खड़ी रहने पर भी लुभावनी लगती है। ग्रिल की डिजाइन कार के टेंशन को रियर शोल्डर की तरफ बढ़ाने में सहायता करती है, जोकि एक बार फिर डॉन की अनूठी सुरुचिपूर्णता को दर्शाती है।

इसका ग्रिल एवं बंपर रोल्स–रॉयस परिवार के अन्य सदस्यों की परंपरागत क्षैतिज लाइन के बजाए ऊर्ध्वाधर लाइन पर फोकस करता है। इसके बंपर पर सामने की तरफ नंबर प्लेट एवं एक नया फोकस्ड एयर डैम लगा हुआ है। लोवर वालैंस में जाली धंसी हुई है एवं इसका रंग काला है, यह गहनता के एहसास के सृजन में सहायक है, जो ग्रिल में गहराई का समावेश करती है। इसके अतिरिक्त क्रोम 'ब्लेड्स' कार को प्लांट करने का कार्य करते हैं, इसके साथ ही साथ ये ऊर्ध्वाधर लाइन को भी बढ़ावा देते हैं। इसकी आकर्षकता लोगों को नजर घुमाने के लिए विवश कर देती है, इस प्रकार इसकी शक्ति एवं विस्तार का प्रभाव सिर चढ़ कर बोलने लगता है।

जब रोल्स–रॉयस डॉन की साइड प्रोफाइल पर ध्यान जाता है, तो व्यक्ति की नजर इसकी सौम्य बनावट पर टिक जाती है। इसका मुलायम शीर्ष आकार बिना किसी भद्दे कॉनकेव क्षेत्र, जोकि अन्य निर्माताओं के मुलायम शीर्षों में स्पष्ट रुप से देखा जा सकता है, के पूरी तरह से सामन्जस्यपूर्ण एवं एक समान है। इसके अतिरिक्त नये 21'' पॉलिश्ड व 21'' एवं 20'' के पेन्टेड पहिए रोल्स–रॉयस की विलासिता के एक पूर्णतः समकालीन अभिव्यक्ति को दर्शाते हैं।

कार का रियर एंड डॉन के नारी–सुलभ 'हिप्स' को दर्शाता है और पीछे की तरफ टेपर्स है, जोकि प्रारंभिक 'बोट टेल' वाले रोल्स–रॉयस ड्रापहेड कूपे की सुरुचिपूर्ण डिजाइन को प्रतिध्वनित करता है एवं वास्तव में यह 20 वीं शताब्दी के प्रारंभ में लॉन्च किए गये खूबसूरत मोटर से प्रेरित है।

सॉफ्ट–टॉप की साइलेंट लोवरिंग रोल्स–रॉयस डॉन का कायाकल्प कर देती है, जिससे वास्तविक डॉन मूमेंट प्राप्त होता है। मिडनाइट सफायर एक्सटीरियर का 'इन हीरो स्पेसिफिकेशन' एवं मैंडरिन लेदर इंटीरियर से रात दिन जैसा बन जाती है, क्योंकि सूर्य की चमक बाद में प्रदीप्त होती है, यह एक प्रकार का आंतरिक विकीर्णन है। यह संभावनाओं की व्यापकता के साथ इस सोशन स्पेस की महत्ता को प्रदर्शित करता है।

रोल्स–रॉयस डॉन का सबसे लुभावना भाग इसकी छत का निम्न विस्तार है। साइड से विंडस्क्रीन की 'स्टीप रेक', स्वेज लाइन, जोकि पृष्ठ भाग से प्रवाहित हो रही है, इसके अतिरिक्त हाइ बेल्टलाइट सहज स्फूर्ति को प्रदर्शित करती है। रियर पैसेंजर केबिन से लिपटी बिलकुल समान राइजिंग बेल्टलाइट गर्दन की रक्षा करने वाले जैकेट के कॉलर के समान प्रतीत होती है।

स्टेनलेस स्टील वेस्ट लाइन फिनिशर, जो केबिन के चारों तरफ लिपटा रहता है, जो सॉफ्ट टॉप को कवर करता है एवं उच्च स्तरीय ब्रेक लाइट को प्रदर्शित करता है। यह खूबसूरत मेटल फीचर एक बहुमूल्य लुक एवं फील के सृजन के लिए स्टेनलेस स्टील डोर हैंडल्स, पॉलिश्ड ह्वील्स, विजिबल एग्जॉस्ट्स एवं फ्रंट व रियर बंपर ज्वेलरी के साथ सामन्जस्य में कार्य करता है।

इसका डेक अपने आप में आधुनिक शिल्प का एक अद्भुत उदाहरण है। ओपेन–पोर कैनाडेल में लिपटी पैनलिंग, जो रियर केबिन के हॉर्स–शू आकार को प्रदर्शित करता है, यह शानदार विकास को प्रदर्शित करती है, जिसे गुडवुड में रोल्स–रॉयस के घर में स्थित वुड शॉप के शिल्पकारों ने वुड क्राफ्टिंग तकनीक से तैयार किया है।

डेक पर लगी हुई लकड़ी, ग्राहकों द्वारा अपने व्यक्तिगत पसंद के अनुसार चयनित, पीछे की सीटों के बीच 'वाटरफॉल' को नीचे की तरफ प्रवाहित करती है एवं इंटीरियर डोर पैनल्स को काफी आकर्षक बना देती है। इससे डॉन का मालिक इसमें प्रवेश कर काफी खुशगवार महसूस करता है।

**आंतरिक सज्जा**

एक बार पुनः रोल्स–रॉयस का अनूठा कोच डोर एक ड्रॉपहेड फॉर्मेट में आता है। कोच के दरवाजे प्रभावशाली एवं आकर्षक हैं। दरवाजे लांग फ्रंट विंग्स एवं रिलैक्स्ड वाफ्ट लाइन से सुसज्जित हैं, जो एक लांग बॉडी प्रोफाइल एवं सुकूनदायी केबिन का सृजन करते हैं।

क्लासिक स्पोर्ट्स कार की विशेषताओं का स्मरण कराने वाले ये इंटीरियर्स इसमें सहज प्रवेश के लिए आकर्षित करते हैं एवं इसमें पीछे बैठने वाला यात्री डॉन की विलासिता के चकाचौंध में डूब जाता है। पिछली सीट पर बैठने वाला यात्री एक रोल्स–रॉयस डॉन से महज उतरता ही नहीं है, बल्कि एक मोनाको अथवा लेक कोमो में एक ग्लैमरस प्राइवेट जेटी में होने वाले रिवा मोटर लॉन्च के अवसर के समान अवतरण का एहसास करता है।

बेशक एक व्यक्ति एक रोल्स रॉयस के कोच डोर को और अधिक मूलभूत सुख प्रदान करने में सक्षम होने की कामना करता है, न कि सिर्फ परंपरागत प्रवेश का सबब बने रहने की विवशता का। संभवतः इसी प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए इसके निर्माताओं ने इसकी बॉडी को और अधिक सशक्त एवं सख्त बनाने के उद्देश्य से एक अवरोध रहित ए–पिलर को पेश किया है।

डॉन में प्रवेश की प्रथम छवि लकड़ी और चमड़े के सिले–सिलाये स्लिंगशॉट के बीच चार पृथक सीट्स के सेट्स के दर्शन में सन्निहित है। स्लिंगशॉट की परिकल्पना चालक के ए–पोस्ट से कार के पश्च की तरफ जाती है। यह यात्री ए–पिलर की वापसी के पूर्व पीछे की सीट के आस–पास केंद्रित रहती है।

स्लिंगशॉट स्वरुप क्षितिज पर कार के अधिभोक्ता के लॉन्च हेतु तैयार एक बारचेटा की याद दिलाती है। यह डिजाइन कार के एक्सटीरियर में बढ़े हुए तनाव को दर्शाती है। आंतरिक संरचना बाह्य संरचना को समर्थन प्रदान करती है, जोकि समृद्धता, सुरक्षा एवं उपस्थिति का स्थान है।

रोल्स–रॉयस डॉन चार बेहद व्यक्तिगत और मनपसंद सीट्स की पेशकश करता है। यह वाहन चार सीटों से युक्त है और इसलिये इसमें आराम के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है, आप इसमें कहीं पर भी बैठ सकते हैं। इसकी सीट्स उत्साह के प्रोत्साहन एवं सुरुचिपूर्णता को ध्यान में रख कर डिजाइन की गयी है। इसमें एक इंटरसेक्टिंग फुल लेंथ सेंटर कंसोल की व्यवस्था है। सीट के पीछे के ऊपरी हिस्से में सीट बेल्ट लगा हुआ है, जो पिलरलेस बॉडीवर्क के साथ फ्लो–लाइन्स में बिना किसी ब्रेक के लकड़ी अथवा चमड़े के स्लिंगशॉट को बढ़ा सकता है और बलाघात प्रदान करता है। ट्रे की सतह की लकड़ी सेवरॉन पैटर्न में सेंटर कंसोल के नीचे भी मेल खाती है, यह उत्साह के एहसास से भर देती है।

उपकरण के डायल्स पर पृथक तरीके से पॉलिश्ड मेटल चैपलेट्स को लगाया गया है, जोकि हस्त–निर्मित विलासितापूर्ण कलाई घड़ियों की याद दिलाते हैं, जबकि मैट क्रोम सेंटर्स प्रत्येक उपकरण के बीच में 'फ्लोट' करता है। इसके अतिरिक्त एक नयी लॉक डिजाइन पेश की गयी है, जिसमें नए मोटर कार का नाम अंकित है।

## इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी

### साइलेंट बैले

निःसंदेह नए रोल्स–रॉयस डॉन की अभियांत्रिक खूबी इसकी नयी छत है। एक असली रोल्स–रॉयस के रुप में डॉन अन्य सभी रोल्स–रॉयस के समान ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। इसके साथ ही साथ एक रोल्स–रॉयस के लिए एक मात्र विकल्प फैब्रिक रुफ हुआ करता था, जिसका कारण सौन्दर्य, रोमांस एवं ब्रांड औचित्य की महत्ता रही है। रात की बारिश में एक कन्वर्टिबल को ड्राइव करने एवं छत पर बूंदों की ध्वनि से अधिक रोमांटिक कुछ और नहीं हो सकता। अपने ग्राहकों के साथ संवाद स्थापित करने के बाद रोल्स–रॉयस ने यह महसूस किया कि वे भी कुछ ऐसा ही महसूस करते हैं।

एक फैब्रिक रुफ कॉन्फिगरेशन के साथ कार्य करते हुए रोल्स–रॉयस इंजीनियरिंग टीम ने स्वयं के लिए एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को निर्धारित किया, जिस पर वह किसी भी प्रकार का समझौता करने की पक्षधर नहीं थी – एवं विश्व की सबसे सुखद कन्वर्टिबल कार बनाने के लिए कृतसंकल्प थी। निःशब्दता की यह तलाश नयी छत के अभियंत्रण के सभी पहलुओं पर लागू होती है एवं इसी आधार पर एक खूबसूरत नयी मोटर कार का सृजन हुआ।

सर्वप्रथम इसमें यात्री रुफ अप एवं रुफ डाउन श्रवण का अनुभव करते हैं, जबकि इसकी गति में शुद्ध रोल्स–रॉयस का दर्शन होता है। छत की डिजाइन सौम्य, सुंदर एवं सम्मोहक है, जबकि विशालतम कैनोपीज का शेष हिस्सा एक कन्वर्टिबल कार की शोभा बढ़ाता है।

इसमें एक विशेष बात यह है कि कैनोपी पिछली सीट से लिपटी हुई है एवं डॉन के विंडो टॉप्स के नीचे है, इस प्रकार इसके लो–स्लंग अपीयरेंस में योगदान देने के लिए कार की रुफलाइन काफी नीचे नजर आती है।

इसमें एक ध्यान देने वाली चीज पिछले ग्लास का छोटा आकार है – एक सावधानीपूर्वक अनुमानित अनुपात, जो छत को ऊपर कर के चलाते समय एक प्राइवेट सैंक्चुरी का एहसास कराता है।

छत को सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली दो मुख्य तकनीकियां अपने स्वरुप में न सिर्फ खूबसूरत एवं सम्मोहक प्रतीत होती हैं, बल्कि कार के साइलेंस में भी अपना योगदान करती है। एक पूर्णतः मुलायम सतह, एक खोजपरक तरीके से सिली हुई 'फ्रेंच सीम' से सुसज्जित, यह सुनिश्चित करती है कि छत को ऊपर करने के साथ कार के ऊपर वायु का प्रवाह किसी भी प्रकार की परेशानी खड़ा करने वाला शोर नहीं उत्पन्न करता है। रोल्स–रॉयस डॉन के अंदर एक रोल्स–रॉयस रैथ के समान एक साइलेंस भी है, कन्वर्टिबल मोटरिंग में ऐसा पहली बार पेश किया गया है।

दूसरी बात, छत की बनावट की वास्तविक ओपेनिंग एवं क्लोजिंग खूबसूरत एवं सजग दोनो है। इंजीनियरिंग टीम रुफ मैकेनिज्म के जरिए अपनी इच्छा के अनुरुप अन्वेषण में सफल रही है। दी साइलेंट बुलेट!

और साइलेंट बूलेट वह चीज है जिसे इन्होंने हासिल किया है।

केवल 22 सेकेंड्स में पूर्ण साइलेंस में परिचालित एवं 50 किमी/घंटे की धीमी रफ्तार पर यह 'साइलेंट बैले' व्यक्ति की अधिकांश संचेतनाओं को आकर्षित कर लेता है एवं वाह्य दुनिया की आवाज, प्रकाश एवं सुगंध के लिए इस एकांत में स्वीकार्यता नहीं है। यदि एक एयरलॉक को खोला जाता है, तब डॉन वाह्य दुनिया से रुबरु कराने के लिए तैयार हो जाता है एवं इसका केबिन स्वामी के सोशल स्पेस का हिस्सा बन जाता है।

## बेस्पोक ऑडियो

ऐसे लोगों के लिए जो साइलेंस को लेकर बहुत अधिक चिंतित नहीं होते हैं एवं अपने मित्रों के साथ संगीत एवं मनोरंजन को साझा करने में अधिक रुचि रखते हैं, रोल्स–रॉयस का बेस्पोक ऑडियो सिस्टम रोल्स–रॉयस डॉन के लिए अनूठे तरीके से तैयार किया गया है। विशेषज्ञ रोल्स–रॉयस ऑडियो इंजीनियर्स द्वारा बेहतरीन तरीके से ट्यून्ड बेस्पोक ऑडियो अभूतपूर्व रुप से विकसित ऑटोमोटिव हाइ–फाइ सिस्टम है एवं डॉन के द्वैध व्यक्तित्व की संतुष्टि के लिए काफी सूक्ष्मता से डिजाइन किया गया है।

छत खुली हो या बंद हो, बेस्पोक ऑडियो शानदार ध्वनि संतुलन एवं परफॉर्मेंस को सुनिश्चित करता है। ऑडियो इंजीनियर्स से कार की डिजाइन प्रक्रिया के दौरान निरंतर संपर्क किया गया, एवं उनके द्वारा प्रस्तावित परिवर्तनो को ऑडियो सिस्टम में लागू किया गया – यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो ऑटोमोटिव की दुनिया में अन्यत्र दुर्लभ है।

थिएटर एवं स्टूडियो दोनो तरह की सेटिंग्स के साथ 16 एकल तरीके से ट्यून्ड स्पीकर्स एक शुद्ध 'लार्जर दैन लाइव' सनसनी उपलब्ध कराते हैं। बूट में स्थित दो बॉस स्पीकर्स पूरे केबिन में कुशलता से लगाए गए सात ट्वीटर्स को समर्थन प्रदान करते हैं। यह सिस्टम वाह्य परिवेश में व्याप्त शोर को मॉनीटर करने के लिए एक अत्यंत संवेदनशील माइक्रोफोन का इस्तेमाल करता है एवं पूरी कुशलता व सूक्ष्मता के साथ वॉल्यूम एवं टोन की सेटिंग्स को सुनिश्चित करता है। ध्वनि की शुद्धता में तकनीक पूरी तरह से मदद करती है एवं प्रत्येक स्पीकर के लिए फ्रीक्वेंसी एवं फेज करेक्शन के जरिए अनावश्यक शोर–गुल को समाप्त करने में सहायता करती है।

## ओपेन–टॉप मॉनीटरिंग के लिए एक नए डॉन का अभियंत्रण

रोल्स–रॉयस टीम द्वारा सॉफ्ट टॉप कार्स के अभियंत्रण में निर्विवाद रुप से ऊंची छलांग लगाने के अतिरिक्त नवीन रोल्स–रॉयस डॉन ने अन्य अनेक अनुकूल अभियांत्रिकीय खोजपरकताओं को पेश किया है।

किसी भी कन्वर्टिबल की डिजाइनिंग में दरपेश आने वाली चुनौती इसकी पूरी बॉडी में मरोड़ी जाने वाली कठोरता के बरकरार रहने में सन्निहित है। मरोड़ी जाने योग्य कठोरता अधिकांश

कन्वर्टिबल कारों से संबद्ध स्कटल शेक को न्यूनतम स्तर पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है एवं कार के डायनेमिक कंपोजर को बरकरार रखने में सहायता करती है।

इस वाहन की व्यापक जांच एवं अनुसंधान को तब तक संचालित किया गया, जब तक कि अभियंत्रण टीम पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हो गयी। इस वाहन को उबड़–खाबड़ सड़कों पर दसियों हजार किलोमीटर तक दौड़ाने के बाद इसमें अंतर्निहित प्रमुख समस्याओं को पहचानने एवं उसका समाधान निकालने में सहायता मिली। इसका नतीजा एक ऐसे चेसिस के रुप में आया, जिसने रोल्स–रॉयस डॉन को वर्तमान समय में उपलब्ध अत्यंत कठोर फोर–सीटर कन्वर्टिबल में परिवर्तित कर दिया है।

एक नवीनतम डिजाइंड सस्पेंशन कॉन्फिगरेशन बॉडी स्टिफनेस व मास डिस्ट्रिब्यूशन के क्षेत्र में इस ओपेन टॉप मोटर कार के विशेष व्यवहार का ध्यान रखती है, इस प्रकार यह सर्वोत्तम क्रूजिंग कंफर्ट एवं अनुमानित रोल्स–रॉयस 'मैजिक कारपेट' राइड की गारंटी देती है।

फ्रंट एवं रियर में कुछ एयरोडायनेमिक लिफ्ट्स एवं गुरुत्व का एक निम्न केंद्र, नवीनतम डिजाइंड एयर स्प्रिंग्स एवं ऐक्टिव रोल बार्स के संयोजन में इस सुपर लग्जरी बुलेवार्डियर के लिए आश्चर्यजनक तरीके से चपल हैंडलिंग क्षमताओं को डिलीवर करता है।

डॉन के चपल एवं आकर्षक रियर फ्लैंक्स एक रियर ट्रैक का संकेत देते हैं, जो घोस्ट की तुलना में 24 मिमी चौड़ा है, एवं यह डॉन को अति सम्मोहक स्वरुप उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त कार का वाइड हिप न केवल कार की सम्मोहकता में इजाफा करता है, बल्कि इसके चौड़े शोल्डर्स वाहन के पौरुष एवं शक्ति को रेखांकित करते हैं, इसमें 180 मिमी के छोटे ह्वील बेस की विशेष भूमिका है।

## रोल्स–रॉयस डॉन के वाहन चालन अनुभव को दिव्य बनाने वाली खूबियां

किसी भी रोल्स–रॉयस मोटर कार की धड़कन ट्विन–टर्बो 6.6 लीटर वी12 पावरट्रेन की शक्ति में छिपी हुई है। 563बीएचपी अथवा 420डब्लू @ 5,250 आरएमपी एवं 780एनएम या 575 एलबी एफटी@ 1,500 आरएमपी की एक टॉर्क रेटिंग के साथ डॉन का ड्राइविंग अनुभव असाधारण है।

यह अनुभव डायनेमिक एक्सेलरेटर पेडल मैपिंग द्वारा और अधिक व्यापक हो जाता है, जो मीडियम थ्रॉटल पर 30 प्रतिशत बेहतर प्रतिसाद उपलब्ध कराता है।

डॉन रोल्स–रॉयस की विशिष्ट स्टीयरिंग खासियत को बरकरार रखती है, इस कारण चालक का उत्तम प्रतिसाद प्राप्त होता है। इससे कार की सहजता के साथ ही साथ चालन की उत्कृष्टता भी सुनिश्चित होती है। इसके अतिरिक्त तेज गति पर भी सुरक्षा को बरकरार रखना संभव हो पाता है, चाहे इसका टॉप खुला हो अथवा बंद हो।

इसके परिणामस्वरुप नवीन डॉन रोल्स–रॉयस की अब तक की सबसे शक्तिशाली कारों में से एक के तौर पर सामने आई है। इसमें बेहतर अभियंत्रण की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है, जिसने कारण यह बाजार में उपलब्ध अधिकांश समझौतापरस्त 2+2 कन्वर्टिबल्स की अपेक्षा अधिक ईंधन सक्षम है।

Rolls-Royce Motor Cars

The Drive, Westhampnett, Chichester, West Sussex PO18 0SH
Telephone +44 (0)1243 384000
www.press.rolls-roycemotorcars.com

रनफ्लैट टायर्स की व्यवस्था के कारण इसकी पकड़ काफी बेहतरीन है, इसका व्यास 540 मिमी (20 इंचेज) है। ये टायर्स बदले जाने के पहले भी डॉन को एक हवा विहीन टायर के साथ भी 100 मील/160 किमी से लेकर 50 मील/80 किमी प्रति घंटे की गति पर चलायमान रखने में सक्षम बनाते हैं। टायर से हवा के पूरी तरह से निकल जाने के बाद भी वाहन पर पर्याप्त नियंत्रण बरकरार रहता है। इसमें 21'' की वैकल्पिक ह्वील भी उपलब्ध है, जोकि 10–स्पोक रिम पर उपलब्ध है। रनफ्लैट टायर तकनीक का समावेश अतिरिक्त ह्वील एवं जैक की आवश्यकता को समाप्त कर देता है, इससे लगेज कंपार्टमेंट में अनावश्यक भीड़ नहीं होती।

**एक प्रभावशाली ड्राइव के लिए विवेकशील तकनीक**

बेहतरीन मोटर कारों के समूचे रोल्स–रॉयस परिवार के समान ही डॉन भी ऑटोमोटिव डिजाइन एवं तकनीक की उत्कृष्टता को अपने आप में संजोए हुए है। डॉन चालकों को विविध प्रकार की विवेकशील तकनीक उपलब्ध करा रहा है, जो तफरीह के वक्त में उनके लिए कार के अंदर एक अति विलासितापूर्ण सहज अनुभव को सुनिश्चित करता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता कार की तकनीकी क्रियाओं का बुद्धिमानी भरा प्लेसमेंट है। इसके बाद डॉन को एक्सटेसी रोटरी कंट्रोलर के भाव के साथ तैयार किया गया है, जोकि एक अंतर्ज्ञानपूर्ण एकल–स्पर्श समाधान है और यह उपयोक्ताओं के लिए मीडिया एवं नैविगेशन फंक्शन की सहज उपलब्धता को सुनिश्चित करता है।

उदाहरण के तौर पर, नैविगेशन इनपुट अथवा मीडिया संबंधी खोजों के लिए चरित्रों को इसकी सतह पर उंगलियों के इस्तेमाल के माध्यम से प्रयोग में लाया जा सकता है, जोकि झंझट मुक्त स्मार्टफोन की प्रकार्यात्मकता के अनुरुप है। स्टीयरिंग ह्वील पर सुविधाजनक तरीके से स्थित एक वन–टच कॉल बटन उपयोक्ताओं को सरल वायस कमांड का इस्तेमाल करते हुए अपने कार्यो को अंजाम देने का अवसर प्रदान करता है। दोनो खूबियां फालतू बटनो की आवश्यकता को समाप्त कर देती हैं एवं इस्तेमाल की उत्तम सहजता को सुनिश्चित करती हैं। उदाहरण के तौर पर, केवल बटन को दबाइए एवं कमांड को बोलिए: ''नैविगेट टु सेंट ट्रोपेज'', इसके तुरंत बाद कार का सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम तीव्रतम संभावित मार्ग को प्लॉट कर देगा।

यह स्पिरिट ऑफ रोटरी कंट्रोलर एक टच पैड (जोकि बजाए एक टच स्क्रीन के, ड्राइवर एवं यात्री को बेहतर सहजता एवं नजदीकी नजर उपलब्ध कराता है) को प्रस्तुत करता है, इसमें उंगलियों से अक्षरों को लिखने की सुविधा के साथ ही साथ क्रोम डॉयल को टर्न कर एवं इसके फंक्शन को सलेक्ट करने के लिए प्रेस करते हुए फंक्शन मेनस के माध्यम से स्क्रोल करने की सहूलियत प्राप्त होती है।

यह सिस्टम लैटिन एवं अरबी के अक्षरों के साथ ही साथ मैंडरिन को चिन्हित करता है।

रोटरी कंट्रोलर का टच पैड 'पुल एंड पिंच' फीचर्स की सुविधा भी उपलब्ध कराता है, जोकि स्मार्ट फोन की फंक्शनालिटी से मेल खाता है। ये खूबियां उपयोक्ताओं को स्क्रीन पर चयनित किए जाने वाले क्षेत्र को बड़ा करने में सहायता करती हैं।

Rolls-Royce Motor Cars

The Drive, Westhampnett, Chichester, West Sussex PO18 0SH
Telephone +44 (0)1243 384000
www.press.rolls-roycemotorcars.com

उल्लेखनीय रुप से अद्यतन मल्टीमीडिया इंटरफेस एवं नैविगेशन प्रणाली से प्राप्त होने वाली सूचना को एक नए 10.25'' हाइ–डेफिनीशन स्क्रीन पर खूबसूरती से प्रदर्शित किया जाता है, जबकि हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनो ने तीव्र मार्ग आकलनो हेतु प्रोसेसिंग की गति में सुधार किया है।

एक ऑटोमेटिक क्रूज कंट्रोल सिस्टम दूरी एवं गति के निरंतर स्माल प्रेसीशन ऐडजस्टमेंट्स को कम करने में सहायता करता है, इस प्रकार यह निरंतर क्रीप, स्टॉप एवं स्टार्ट की प्रक्रिया को कम कर देता है। इसके जरिए ड्राइवर स्थिति को मॉनीटर करने वाले सिस्टम पर पूरी तरह से आश्रित हो कर शहर की ट्रैफिक के बीच पूरे आत्मविश्वास एवं सुकून के साथ वाहन चला सकता है, यह सिस्टम ट्रैफिक के पैटर्न में होने वाले परिवर्तन पर बखूबी प्रतिक्रिया करता है– उदाहरण के तौर पर, नयी सड़क अथवा स्लिप सड़क में प्रवेश के समय।

रडार एवं कैमरे के लिए नया सॉफ्टवेयर – क्रमशः फ्रंट बंपर वालेंस एवं सेंटर अपर विंडस्क्रीन में स्थित – तीव्र प्रणाली प्रतिक्रिया समय उपलब्ध कराता है, इसमें इमर्जेंसी प्रेशर के अनुमान हेतु ब्रेक्स की तीव्रतर प्री–कंडिशनिंग शामिल है।

यदि सबसे खराब स्थिति उत्पन्न होती है, तो डॉन एक सेकेंड के अंदर रियर हेड के पीछे से एक कंसील्ड रोल ओवर प्रोटेक्शन प्रणाली को लागू करता है। एक रैचेट सिस्टम उन्हें सही स्थान पर लॉक कर देता है। यह रोल ओवर प्रोटेक्शन सिस्टम कार के समूचे विंडस्क्रीन को भी अपने दायरे में ले लेता है।

### उपग्रह समर्थित संचार

रोल्स–रॉयस डॉन की सहज गतिशीलता उपग्रह समर्थित संचार, एक तकनीक जिसने वर्ष 2013 में रैथ में अपना प्रथम वैश्विक शुभारंभ किया था, के जरिए और अधिक गति प्राप्त करने में सहायक रही है।

उपग्रह समर्थित संचार कार को चालक से परे जा कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के लिए जीपीएस डेटा का इस्तेमाल करता है, यह स्थान एवं वाहन चालन शैली के आधार पर उनके अगले कदम का पूर्वानुमान लगाता है।

यह इस सूचना का डॉन के 8–स्पीड जेडएफ गियरबॉक्स से सबसे मुनासिब गियर का चयन करने के लिए इस्तेमाल करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चालक रोल्स–रॉयस 6.6 लीटर ट्विन–टर्बो वी12 से शक्ति का समुचित इस्तेमाल करने में सक्षम है या नहीं। इस प्रकार यह एक सहज एवं अबाध वाहन चालन अनुभव को सुनिश्चित करता है।

उदाहरण के तौर पर जब कार एक घुमावदार मोड़ पर पहुंचती है, तब आप को यह संकेत मिलता है कि आप इस स्थिति में कैसे वाहन चलाएं। जब चालक एक्सिलरेटर को उठाता है, तब यह सबसे निचले गियर का इस्तेमाल करता है, ताकि किनारे के निकास से अधिकतम शक्ति की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जा सके।

उपग्रह समर्थित संचार डॉन में एक मानदंड बन गया है।

## सूर्यास्त से सूर्योदय तक – इलुमिनेटिंग टेक्नोलॉजी मार्ग–दर्शन करने में सक्षम

एलईडी लाइटिंग तकनीक में हुए हालिया विकास को रोल्स–रॉयस डॉन में इस्तेमाल किया गया है। इस लाइट का प्रबंधन अंगीकृत तकनीक द्वारा उल्लेखनीय रुप से बेहतर हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक रुप से नियंत्रित रिफ्लेक्टर्स पहिए के घुमाव के प्रतिसाद स्वरुप यात्रा की दिशा में आगे बढ़ते हैं, जिससे कार्नर करने के दौरान बेहतर विजन प्राप्त होता है और एक सफेद, अधिक चमकदार लाइट अंधकारमय सड़कों पर सहज एवं सुरक्षित ड्राइविंग सुनिश्चित करती है तथा इस प्रकार गाड़ी चलाने के दौरान होने वाली थकान को कम करने में मदद मिलती है।

इसके अतिरिक्त फुल–बीम हेडलाइट्स की स्वचालित डिपिंग को क्रांतिकारी नयी चमक–मुक्त तकनीक से रीप्लेस किया गया है। जब एक कार सामने से आती है, तो प्रकाश विक्षेपित हो जाता है, ताकि सामने से आने वाले वाहन चालक की आंखें चौंधिया न जाएं। इस प्रकार डॉन के ड्राइवर्स निरंतर रुप से फुल–बीम विजिबिलिटी के सुरक्षा लाभों का पूरा लुत्फ उठाते हैं। एक दिवस कालीन रनिंग बार डॉन के समकालीन फ्रंट लाइफ ग्राफिक को फ्रेम करता है, जो कार को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करने के साथ ही साथ सुरक्षा को भी सुनिश्चित करता है।

रात के समय वाहन चालन की सुरक्षा को हेड–अप डिस्प्ले और हीट डिटेक्शन सिस्टम द्वारा सशक्त किया गया है, जो कि मनुष्य एवं जानवर दोनों को चिन्हित करती है और चालक को संभावित खतरे से आगाह करता है।

## तकनीकी विनिर्देश

| | |
|---|---|
| **परिमाण** | |
| वाहन की लंबाई | 5285mm / 17.34ft |
| वाहन की चौड़ाई | 1947mm / 6.39ft |
| वाहन का वजन (अनलैडन) | 1502mm / 4.93ft |
| व्हीलबेस | 3112mm / 10.21ft |
| टर्निंग सर्किल | 12.7m / 41.7ft |
| बूट वॉल्यूम (डीआइएन) | 244ltr - 295ltr / 8.6 ft3 - 10.4 ft3 |
| **वजन** | |
| अन्लेडल भार (डीआइएन) | 2560kg / 5644lb |
| **इंजन** | |
| इंजन/सिलिंडर्स/वाल्व्स | V / 12 / 48 |
| ईंधन प्रबंधन | डायरेक्ट इंजेक्शन |
| इंजन की रफ्तार पर पावर आउटपुट | 563bhp / 420kW / 570PS @ 5250rpm |
| इंजन की रफ्तार पर अधिकतम टॉर्क | 780Nm / 575lb ft @ 1500rpm |
| ईंधन का प्रकार | 10:1 / प्रीमियम अनलीडेड। |

**परफॉर्मेंस**

| | |
|---|---|
| शीर्ष रफ्तार | 250kmh / 155mph (प्रशासित) |
| एक्सीलिरेशन 0 - 100km/h | 4.9sec[2] |

**ईंधन की खपत**

| | |
|---|---|
| शहरी | 21.4ltr / 100km / 13.2mpg (Imp.) |
| एक्स्ट्रा अरबन | 9.8ltr / 100km / 28.8mpg (Imp.) |
| संयोजित खपत/रेंज | 14.2ltr / 100km / 19.9mpg (Imp.) |
| $CO_2$ उत्सर्जन | 330g/km |

ये आंकड़े अंतिम तौर पर सत्यापन के अधीन हैं।

- समाप्त -

## विस्तृत जानकारी के लिए :

आप अपने सभी प्रेस रिलीज एवं प्रेस किट्स के साथ ही साथ हाइ रेजोल्यूशन, डाउनलोड करने योग्य तस्वीरों एवं वीडियो फूटेज के व्यापक संग्रह को हमारे मीडिया वेबसाइट PressClub पर प्राप्त कर सकते हैं। आप रोल्स–रॉयस मोटर कार की कम्यूनिकेशंस टीम से Twitter पर संपर्क कर सकते हैं।

## प्रेस संपर्क:


### गुडवुड

- **डायरेक्टर ऑफ ग्लोबल कम्यूनिकेशंस**
  रिचर्ड कार्टर +44 (0) 1243 384060 richard.carter@rolls-roycemotorcars.com
- **ग्लोबल कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशंस**
  एंड्रू बाल +44 (0) 1243 384064 andrew.ball@rolls-roycemotorcars.com
- **ग्लोबल प्रॉडक्ट कम्यूनिकेशंस**
  एंड्रू बॉएल +44 (0) 1243 384062 andrew.boyle@rolls-roycemotorcars.com
- **ग्लोबल लाइफस्टाइल कम्यूनिकेशंस**
  एम्मा रिकेट +44 (0) 1243 384061 emma.rickett@rolls-roycemotorcars.com

### क्षेत्रीय

- **एशिया प्रशांत – उत्तर**
  रोजमैरी मिशेल +81 (0) 3 6259 8888 rosemary.mitchell@rolls-roycemotorcars.com
- **एशिया प्रशांत – दक्षिण**
  रानी रमाया +65 6838 9753 rani.ramaya@rolls-roycemotorcars.com
  हाल सेरुदीन +65 6838 9675 hal.serudin@rolls-roycemotorcars.com
- **चीन**
  एना झू + 86 1084558037 anna.xu@rolls-roycemotorcars.com

- **यूरोप – पूर्व**
  फ्रैंक टीमैन +49 (0) 89 382 29581 frank.tiemann@rolls-roycemotorcars.com
- **यूरोप – पश्चिम**
  रुथ हकलेनब्रोइच +49 (0) 89 382 60064 ruth.hucklenbroich@rolls-roycemotorcars.com
  **मध्य पूर्व, अफ्रीका एवं दक्षिण अमेरिका**
  जमाल अल मावेद +971 561717883 jamal.almawed@rolls-roycemotorcars.com
- **उत्तरी अमेरिका**
  जेरी स्पॉन +1 201 930 8308 gerry.spahn@rolls-roycemotorcarsna.com
- **यूके एवं स्कैन्डिनेविया**
  जेम्स वारेन +44 (0)1243 384578 james.i.warren@rolls-roycemotorcars.com